संख्या:89/2023/1676/35-4-2023/001-35-4099/175/2021

प्रेषक,

डॉ0 संजीव भारद्वाज,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
फतेहपुर।

नियोजन अनुभाग-4 दिनांक: 13 फरवरी, 2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद फतेहपुर में शासनादेश संख्या-241/2021/2002/35-4-2021,दिनांक 20 नवम्बर,2021 द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित 15 कार्यों की अनुमोदित लागत रू. 302.51 लाख पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 223.38 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी फतेहपुर द्वारा पत्रांक-706/त्वरितआ0वि0/2021-22 दिनांक 08 दिसम्बर, 2022 द्वारा उक्त शासनादेश से स्वीकृत कार्यों में से 13 कार्यों की अनुमोदित लागत रू. 274.13 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त में अवमुक्त की गयी धनराशि रू. 195.00 लाख का पूर्ण उपभोग किया जाना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से प्रश्नगत कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए देय अवशेष धनराशि रू. 79.13 लाख (रूपये उन्यासी लाख तेरह हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य का नाम	**अनुमोदित लागत**	**पूर्व में अवमुक्त धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
1.	ग्राम रामपुर मजरे अमिलिहापाल में डामर रोड से गिल्ली कोरी के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।	19.30	15.00	4.30
2.	ग्राम चन्दईपुर में काली माता मंदिर से धनराज पासवान के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।	25.32	15.00	10.32
3.	ग्राम धुधुरूकीपुर मजरे से सियाडी में मेन रोड से बिन्टू पाल के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।	23.76	15.00	8.76
4.	ग्राम भैरमपुर मजरे नौहइया से बभनपुरवा रोड से गांव तक इण्टरलाकिंग रोड	20.17	15.00	5.17
5.	ग्राम पलिया में मनोज के घर से बसंत पासवान के घर होते हुये मंदिर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।	21.80	15.00	6.80
6.	ग्राम पैगम्बरपुर रेकहुआ में सी0सी0 रोड से प्रभु मास्टर के घर तक इण्टरलाकिंग रोड।	17.51	15.00	2.51
7.	ग्राम अलादातपुर में स्कूल से ललित गुप्ता के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।।	17.49	15.00	2.49
8.	ग्राम अहिंदा पप्पू मौर्य के घर से बिरजू पासी के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।।	18.09	15.00	3.09
9.	ग्राम तलकापुर में स्वामी पासवान के घर से छत्रपाल पासी के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।	24.19	15.00	9.19

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	कार्य का नाम	अनुमोदित लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
10.	ग्राम नौबस्ता में मजरे अडारू का पुरवा में कमलेश नाई के घर से श्रीकृष्ण नाई के घर होते हुये बबलू पासवान के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।।	19.01	15.00	4.01
11.	ग्राम मण्डावा में मजरे भूलापुर में श्रीनाथ के घर से चन्द्रपाल के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।	19.01	15.00	4.01
12.	ग्राम शिवपुर मजरे टांडा में शिवसहाय द्विवेदी के घर से झूरीपाल के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।।	20.14	15.00	5.14
13.	ग्राम चकपिहानी में लल्लन प्रजापति के घर से नरेश वाजपेई के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण।।	28.34	15.00	13.34
	योग:	**274.13**	**195.00**	**79.13**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 20 नवम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 88,12,000 (रूपये अट्ठासी लाख बारह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

संख्या:89/2023/1676(1)/35-4-2023/001-35-4099/175/2021 तददिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी ।
7- मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी फतेहपुर।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, फतेहपुर।
13- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, फतेहपुर।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।